हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 30 अगस्त 2026

06 रक्षासूत्र के साथ पर्यावरण संवर्धन का संकल्प...



09 कांकर, लायरा में सुनी गईं समस्याएं, अधिकारियों...



गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

खबर संक्षेप

चित्रगुप्त मंदिर में स्वरांजलि आज

विदिशा। गायक मुकेश जी को संगीतमय श्रद्धांजलि एवं स्व. एसएन श्रीवास्तव की पुण्य स्मृति में शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में आज रविवार शाम 4.30 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 40 गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। गायन का क्रम पर्ची निकालकर तय किया जाएगा। समापन पर सभी गायकों द्वारा मुकेश माथुर का लोकप्रिय गीत चलते चलते मेरे ये गीत याद रखना गाकर उन्हे श्रद्धांजलि दी जाएगी।

राशन पात्रता पर्ची की शिकायत का निराकरण

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कुरवाई तहसील की ग्राम पंचायत करैया में 400 दिन से अधिक पुरानी राशन पात्रता पर्ची की शिकायत का मौके पर ही निराकरण किया गया। नोडल अधिकारी कविता रघुवंशी ने शिकायत की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों से समन्वय किया। इसके बाद तुलसीराम की पात्रता पर्ची प्रिंट कर उन्हें उपलब्ध कराई गई और तत्काल राशन भी दिलाया गया। संतुष्टि के बाद सीएम हेल्पलाइन शिकायत बंद कराई गई। पंचायत में मिली 8 शिकायतों में से 5 का मौके पर निराकरण हुआ। वहीं ग्रामीणों के 79 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

सीएमएचओ के निरीक्षण में गायब मिले बीएमओ सहित अन्य चिकित्सक



विदिशा। सीएमएचओ डॉक्टर रामहित कुमार ने शनिवार सुबह 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपलखेड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में केवल एक चिकित्सक डा जया अधिकारी और एक स्टाफ नर्स उपस्थित मिले। बीएमओ सहित अन्य सभी चिकित्सक और कर्मचारी नदारद थे। सीएमएचओ ने अनुपस्थित चिकित्सकों और कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के साथ कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

पारंपरिक गीत गाते हुए भुजरियों को बेतवा तट लेकर पहुंचीं महिलाएं, पूजा अर्चना के बाद तोड़ीं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भुजरिया पर्व के अवसर पर चौक चौराहों, मोहल्लों में जगह-जगह भुजरिया एकत्रित कर महिलाएं सामूहिक रूप से पारंपरिक गीत गाते हुए बेतवा के बडवाले घाट पर पहुंचीं। जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना के बाद भुजरिया तोड़ी गईं। जिन्हे सबसे पहले भगवान को अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। बेतवा के तटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जहां प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए थे। वहीं होमगार्ड के जवान भी सुरक्षा उपकरणों के साथ तैनात रहे। नदी पर दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



विदिशा। महिलाओं ने सामूहिक रूप से भुजरियों का एकत्रितकरण कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की।



विदिशा। बेतवा नदी के बडवाले घाट पर पहुंचीं हजारों की संख्या में महिलाओं को भुजरियां तोड़कर पूजा अर्चना की।

शिवराज सिंह चौहान ने मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों के साथ की बैठक

केंद्रीय मंत्री ने कैंसर डे-केयर सेंटर की समीक्षा की, एम्स भोपाल करेगा मदद

8 सितंबर से मेडिकल कॉलेज में शुरू होने जा रहे कैंसर डे केयर सेंटर को लेकर शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सेंटर से विदिशा और आसपास के जिलों के कैंसर मरीजों को सुविधा मिलेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा का दौरा किया। उन्होंने यहां मेडिकल कॉलेज में कैंसर डे-केयर सेंटर की तैयारियों की समीक्षा की। यह सेंटर 8 सितंबर को शुरू होगा, जिससे विदिशा और आसपास के जिलों के कैंसर मरीजों को लाभ मिलेगा।

विदिशा पहुंचने पर विवेकानंद चौराहे पर भाजपा युवा मोर्चा और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद, श्री चौहान मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्हों डॉक्टरों और अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें टाटा मेमोरियल के डॉक्टर भी वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में सेंटर की आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। बैठक के बाद, शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की कि 8 सितंबर विदिशा और आसपास के जिलों के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा, जब कैंसर डे-केयर सेंटर का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल भी विदिशा आएंगे।

यह सेंटर विदिशा के साथ-साथ रायसेन, सीहोर, देवास, सागर और बुंदेलखंड के आसपास के जिलों के कैंसर मरीजों के लिए भी फायदेमंद होगा। यह सुविधा क्षेत्र के कैंसर रोगियों को बड़ी राहत प्रदान करेगी। श्री चौहान ने यह भी बताया कि मेडिकल कॉलेज विदिशा और एम्स भोपाल के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सेंटर शुरू होने के बाद सामने आने वाली किसी भी कमी या आवश्यकता को एम्स भोपाल के सहयोग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने इस पहल को पीड़ित मानवता की सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आरसीटी के माध्यम से 5 सितंबर से विदिशा, रायसेन और सीहोर में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शुरू होगा। 31 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को बैंक लिंकेज के जरिए स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

8 सितंबर से मेडिकल कॉलेज में शुरू होगा डे-केयर सेंटर



विदिशा। समीक्षा बैठक के दौरान कैंसर डे केयर सेंटर की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा करते हुए शिवराज सिंह चौहान।

स्वाति बागरेचा की वापसी की उम्मीद

नेपाल त्रासदी में लापता विदिशा की स्वाति बागरेचा के संबंध में उन्होंने कहा कि सरकार नेपाल के अधिकारियों के लगातार संपर्क में है और उनकी सुरक्षित वापसी के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि सरकारी स्कूल से 10वीं-12वीं पास कर कॉलेज में पढ़ने वाली बेटियों के लिए अजीम प्रेमजी संस्था के सहयोग से छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। पात्र छात्राओं को सालाना 30 हजार रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी। अब तक करीब 2100 आवेदन हो चुके हैं। उन्होंने पात्र छात्राओं से 31 अगस्त तक आवेदन करने की अपील की।

26 पंचायतों की 83 बसाहटों में कलेक्टर के प्रयास से चार हजार छात्रों को स्कूल बैग बांटे

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियानः स्कूल बैग पाकर बच्चों के खिले चेहरे, छात्रों ने पढ़ाई का लिया संकल्प



विदिशा। ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय स्कूलों में छात्रों को बांटे स्कूल बैग।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- बैग मिलने से खुश हुए बच्चे कहा : अब रोज स्कूल आएंगे।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शनिवार को कुरवाई ब्लॉक की 26 पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। शिविरों के दौरान 26 पंचायतों की 83 बसाहटों में पहुंचे करीब 4000 बच्चों को कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के प्रयासों से स्कूल बैग वितरित किए गए। नया स्कूल बैग पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उनकी मुस्कान और उत्साह देखते ही बन रहा था।

शासन द्वारा कक्षा पहली से आठवीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं, लेकिन स्कूल बैग का प्रावधान नहीं होने के कारण कई बच्चों को किताबें संभालकर स्कूल लाने-ले जाने में परेशानी होती थी। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने स्कूलों के भ्रमण के दौरान बच्चों की इस समस्या को महसूस किया और उनके लिए स्कूल बैग उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया।

शिविर में बैग मिलने के बाद बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। बच्चों ने खुशी व्यक्त करते हुए प्रतिदिन नियमित रूप से स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने का संकल्प लिया। इस पहल से बच्चों और उनके अभिभावकों में भी प्रसन्नता का माहौल रहा। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए ऐसे प्रयास निरंतर किए जाएंगे।

जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री की कलाई पर बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज .विदिशा। रक्षाबंधन और भुजरिया पर्व के अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को पत्नी साधना सिंह चौहान के साथ विदिशा पहुंचे। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर लाड़ली बहनों से मुलाकात की और राखी बंधवाई। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मां, बहन और बेटी देवी के समान हैं और उनकी सेवा करना ही देवी की पूजा है।



विदिशा। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को राखी बांधते हुए जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी।

शराब के विवाद में बेटे ने पिता की फावड़े से की हत्या

ग्राम तलापार में सनसनीखेज वारदात, पुलिस ने आरोपी बेटे को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

- गंभीर चोट लगने से पिता की मौके पर ही मौत हो गई

कुरवाई थाना क्षेत्र के ग्राम तलापार में शनिवार को रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई।

शराब को लेकर हुए विवाद में 28 वर्षीय बेटे चुन्नू उर्फ अरुण अहिरवार ने अपने 50 वर्षीय पिता सोमत अहिरवार पर फावड़े से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से पिता की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सोमत अहिरवार पन्नी बीनकर अपना जीवनयापन करते थे। घटना के दौरान पिता-पुत्र के बीच शराब को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर नशे में धुत चुन्नू ने घर में रखा फावड़ा उठाकर पिता पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने से सोमत ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही कुरवाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पुत्र को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पआरोपी चुन्नू उर्फ अरुण अहिरवार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा घटना के कारणों और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। वारदात के बाद गांव में भी सनसनी फैल गई।

धूमधाम से मनाई भगवान कुश जयंती, निकाली भव्य शोभायात्रा

शोभायात्रा में डीजे, बैंड, ढोल-नगाड़ों के साथ सैकड़ों समाजजन हुए शामिल, जगह-जगह हुआ स्वागत



समाजजनों ने निकाली भव्य शोभायात्रा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कुशवाह महासभा के तत्वावधान में भुजरिया पर्व के अवसर पर शनिवार को भगवान श्री कुश जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे सत्संग भवन में भगवान लव-कुश की पूजा-अर्चना के साथ हुई।

सुबह 11 बजे अतिथियों का स्वागत किया गया। दोपहर 12 बजे पुराना बस स्टैंड स्थित सत्संग भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डीजे, बैंड और ढोल-नगाड़ों की धुन पर सैकड़ों समाजजन भगवान लव-कुश के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान लव-कुश के दो स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। एक स्वरूप रथ पर सवार था, जबकि दूसरे स्वरूप में भगवान लव-कुश घोड़े के साथ पैदल चलते दिखाई दिए। शोभायात्रा माधवगंज, मुख्य मार्ग, निकासा, तिलक चौक, बड़ा बाजार होते हुए जयस्तंभ चौक और बजरिया पहुंची, जहां भगवान लव-कुश की आरती के साथ इसका समापन हुआ। मार्ग में जगह-जगह पुष्पमालाओं से शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

शिक्षकों को प्रदर्शन में जाने से रोक रही पुलिस

विदिशा। शिक्षकों के प्रदर्शन में शामिल होने विदिशा से बड़ी संख्या में शिक्षकों के जाने की सूचना पर पुलिस ने अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी और उनके साथियों को थाने में नजर बंद कर दिया है। शिक्षक कृष्ण गोपाल राय ने कहा कि मोर्चा के और संयोजकों को भी नजर बंद करने के लिए पुलिस तलाश कर रही है। उन्होंने शिक्षक साथियों से अपील की है कि हमें डरना नहीं है, झुकना नहीं है। अधिक से अधिक संख्या में शिक्षक दिल्ली पहुंचें। टीईटी पात्रता परीक्षा के विरोध को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर शिक्षकों और विभिन्न संगठनों का प्रदर्शन आज होगा। जिसमें मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल होंगे।

घायल महिला को अस्पताल पहुंचाकर पेश की मानवता की मिसाल

आरटीओ गिरिजेश वर्मा को सड़क किनारे गंभीर हालत में मिली महिला, बिना देर किए अपने वाहन से कुरवाई अस्पताल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ग्राम पंचायत तमोइया क्षेत्र में एक गांव से दूसरे गांव जाते समय जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा को सड़क किनारे एक महिला गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली। महिला सड़क दुर्घटना में घायल हुई थी। उसके पैर की पिंडली की हड्डी टूट गई थी और सिर में चोट लगने से काफी खून निकल रहा था।

मौके पर तत्काल एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने पर जिला परिवहन अधिकारी ने बिना देर किए मानवीय संवेदना का परिचय दिया। उन्होंने अपने वाहन से घायल महिला को तत्काल शासकीय अस्पताल कुरवाई पहुंचाया। अस्पताल में महिला को समय पर प्राथमिक उपचार मिल सका। आरटीओ की इस तत्परता से घायल महिला को उपचार के लिए भटकना नहीं पड़ा। प्रशासनिक दायित्वों के साथ जरूरतमंद की तत्काल मदद की यह पहल जनसेवा और संवेदनशील प्रशासन की भावना को दर्शाती है। आरटीओ पूर्व से ही संवेदनशील रहे हैं उन्होंने अपने कक्ष के बाहर भी लिखवाया था कि कोई भी व्यक्ति कभी भी सीधे आकर उनसे मिल सकता है।



विदिशा। घायल महिला को अपने वाहन से खुद अस्पताल लेकर पहुंचे परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा।

बासौदा मंडी भाव

गेहूं
न्यूनतम भाव-2499
उच्चतम भाव-2710
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-5450
उच्चतम भाव-5450
मसूर
न्यूनतम भाव-6321
उच्चतम भाव-6321

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को बहुत कम किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में मात्र 211 बोरे उपज की ही आवक दर्ज हुई।

खबर संक्षेप

न्यायालय में लगेगा रक्तदान शिविर

गंजबासौदा। तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा सोमवार को सुबह 10:30 बजे न्यायालय परिसर, ग्राम राजोदा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समिति द्वारा बताया गया कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। इसी उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति शिविर में उपस्थित होकर स्वेच्छा से रक्तदान कर सकते हैं। आपका एक यूनिट रक्त किसी के जीवन की उम्मीद बन सकता है। समिति ने नगर के सभी समाजसेवी संगठनों, अधिवक्ताओं, न्यायालयीन कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें और जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में अपना योगदान दें।

श्रमदान दल का पौधरोपण आज

गंजबासौदा। साप्ताहिक पौधारोपण अभियान 5.0 के तहत रविवार को जन-जन विशेष पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत— महेश कुमार दुबे की नतिनी एवं संदीप कुमार, नवीन कुमार, प्रतीक्षा दुबे की भांजी बिटिया गोरा दुबे के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में एक पौधा ट्री गार्ड सहित बेतवा नदी रिपटा घाट पर स्थिति हनुमान जी मंदिर परिसर में सुबह 7.30 बजे रोपित किया जाएगा। श्रमदान दल ने आमजन से अपील की है कि अपने या अपने प्रियजनों के जन्मदिन, विवाह वर्षगाँठ, पुण्य स्मृति अथवा किसी भी विशेष अवसर को एक पौधा लगाकर और उसे संरक्षित कर परिजनों की स्मृति को यादगार बनाएं। कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएँ और पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के इस जन-अभियान में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

हनुमान चालीसा पाठ आयोजित


गंजबासौदा। हिन्दु चेतना सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को बीजासन माता मंदिर डॉ एके जैन की गली मील रोड पर हनुमान चालीसा पाठ रखा गया।

फल सब्जी विक्रेताओं की लापरवाही से बढ़ रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के हाट-ठेला और फुटकर सब्जी विक्रेताओं की लापरवाही आम लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। शाम के समय रेलवे स्टेशन रोड पर सब्जी विक्रेता दिनभर की सड़ी-गली सब्जियां और कचरा सीधे सड़क पर फेंक देते हैं। कचरे की दुर्गंध से गोवंश और बेसहारा मवेशी तुरंत खाने के लिए सड़क पर दौड़ पड़ते हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी वाहन चालकों को होती है। अचानक सड़क पर मवेशियों के आ जाने से कई वाहन चालक टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। रेलवे स्टेशन रोड शहर का व्यस्ततम मार्ग है, जहां शाम के समय आवाजाही अधिक रहती है।

ऐसे में सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत नगर पालिका से की गई है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सब्जी विक्रेता रोजाना शाम को अपना



ठेला समेटने के बाद कचरा वहीं छोड़ जाते हैं, जिससे गंदगी और यातायात दोनों की समस्या बढ़ रही है।नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि रेलवे स्टेशन रोड पर कचरा फेंकने वाले फल सब्जी विक्रेताओं पर जुर्माना लगाया जाए और उन्हें कचरा डस्टबिन में डालने के लिए पाबंद किया जाए। साथ ही बेसहारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजने की व्यवस्था की जाए, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके।

श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

चेतना सेवा समिति की वरिष्ठ सदस्य भागवती देवी ताम्रकार के पति एडवोकेट सुभाष चंद्र ताम्रकार के निधन उपरान्त शनिवार को मानस भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें चेतना सेवा समिति के सदस्यों ने पहुंच कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार को सांत्वना दी। एडवोकेट सुभाष ताम्रकार की चर्चित पंक्तियां में से एक, एक किताब की तरह हूं मैं कितनी भी पुरानी हो जाए अल्फाज नहीं बदलेंगे, का वाचन कर उन्हें स्मरण किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर आरसी शर्मा, मेहरबान सिंह राजपूत, अशोक अग्रवाल, अर्जुन लाल पांचाल, गंगाराम शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, सुरेश कुमार, नरेंद्र व्यास, कमल पाशा माथुर, दिलीप देसाई उपस्थित थे।

निकले चल समारोह, अनेक स्थानों पर हुआ भुजरियों का विसर्जन

भुजरियों का आदान-प्रदान कर की मेहरबानी बनाए रखने की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में क्षमा याचना एवं भाईचारे का पर्व भुजरिया प्रेम भाव के साथ मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा घरों में बोई भुजरियों का विधिवत पूजन अर्चन कर उनका विसर्जन किया गया। वहीं विभिन्न स्थानों से भुजरियों का सामूहिक पूजन अर्चन कर चल समारोह भी निकाले गए। बाद में इन भुजरियों का शीतला शक्तिधाम घाट, बेतवा नदी के घाट सहित पारासरी नदी के विभिन्न घाटों, जलाशयों आदि में विसर्जन किया गया। इसके बाद सभी ने भुजिरयों का आपस में आदान प्रदान कर एक दूसरे से क्षमा याचना करते हुए मेहरबानी बनाए रखने की कामना की।

उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन के दूसरे दिन इलाके में कजलियां या भुजरिया पर्व मनाया जाता है। जिसमें रक्षाबंधन के पूर्व घरों में बोई गई भुजरियों को पूजन अर्चन के बाद विसर्जन करते हुए उनके कुछ अंश को आपस में आदान प्रदान कर क्षमा याचना करते हुए भाईचारा बनाए रखने की कामना की जाती है। शनिवार को भी नगर में भुजरियों का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर



जहां घरों में बोई गई भुजरियों की पूजन अर्चन कर एकल रूप में उनका विसर्जन किया गया। वहीं रेलवे स्टेशन क्षेत्र, बरेठ रोड, त्योंदा रोड, पंचवीर आदि क्षेत्रों में भुजरियों को सामूहिक रूप से एक जगह एकत्रित कर उनकी पूजन अर्चन की गई और फिर चल समारोह एवं शोभायात्रा के रूप में उन्हें विसर्जन के लिए ले जाया गया। इस दौरान भुजरियों को पारासरी नदी के पंचवीर घाट, लालपठार, पचमा बायपास घाट, शीतला शक्तिधाम घाट सहित बेतवा नदी के विभिन्न घाटों, जालौरी तालाब, हरदूखेडी तालाब सहित विभिन्न जलाशयों आदि पर ले जाकर विसर्जन किया गया।

उधर गांवों में भी ग्रामीणों ने भुजरियों का सामूहिक पूजन अर्चन और परिक्रमा की और फिर भुजरियों को नदी, तालाब, भुजरिया तालाब आदि पर ले जाकर उनका विसर्जन किया गया। इसके बाद सभी ने भुजरियों को पहले मंदिरों, देव स्थानों पर पहुंचकर देवताओं का समर्पित कर उनसे अपनी गलतियों की क्षमा याचना कर मंगल कामना की। इसके बाद सभी ने अपने बड़े बुजुर्गों, मित्रों, छोटों से भुजरिया का आदान प्रदान कर एक दूसरे से गलतियों की क्षमायाचना की। बच्चों ने भी अपने से बड़ों से भुजरिया का आदान प्रदान कर उनसे उपहार एवं चॉकलेट आदि प्राप्त किए। उधर अनरय वाले परिवारों के पास भी लोगों ने





पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से भुजरियों का आदान प्रदान कर शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं और उनका दुःख बांटा। उधर भुजरिया पर्व को लेकर नगर पालिका प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां की थीं। जिसमें शीतला शक्तिधाम घाट की धुलाई कर वहां साफ सफाई की। वहीं अन्य घाटों और बेतवा नदी के तटों पर भी विसर्जन के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए थे।

दिन दहाड़े काट दिया नीम का पेड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

त्योंदा रोड पर एक दुकान के पास दिन दहाड़े एक विशाल नीम के पेड़ को काटे जाने का मामले सामने आया है। एक ओर शासन, प्रशासन एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत करोड़ों रुपए पर्यावरण संवर्धन के लिए खर्च कर रहा है। वहीं मुख्य मार्गों पर लगे जीवित पेड़ों को काटना प्रशासनिक तंत्र का तनिक भी भय न होना प्रदर्शित कर रहा है। दिन दहाड़े नीम का पेड़ काटे जाने पर आमजन ने अपना विरोध प्रकट किया है। अब देखना यह है कि जिन लोगों द्वारा नीम के हरे भरे विशाल पेड़ को काटा गया है उसके लिए शासन से अनुमति ली गई थी या नहीं। अगर शासन द्वारा अनुमति नहीं दी गई और पेड़ को बगैर अनुमति के काटा गया है तो अब प्रशासन कार्रवाई करता है या नहीं, इस ओर भी ध्यान देना जरूरी होगा, ताकि तनिक स्वार्थ के लिए भविष्य में कोई अन्य व्यक्ति या दुकानदार इस तरह पेडों को न काट सके।

कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य दुकान का किया निरीक्षण

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शासकीय उचित मूल्य दुकान कर्रापुर क्रमांक-1 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राशन की गुणवत्ता, हितग्राहियों को राशन वितरण की स्थिति तथा इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे के सत्यापन की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कर्रापुर द्वारा संचालित केंद्र में नैनो खाद, यूरिया और कीटनाशक आदि की उपलब्धता एवं व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। साथ ही समिति में संचालित बचत बैंक का निरीक्षण कर खातों एवं लेन-देन की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर पाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राशन वितरण में पारदर्शिता बनी रहे, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे नियमित रूप से सत्यापित रहें तथा खाद एवं कृषि आदानों की आपूर्ति सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण राशन समय पर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

सागर जिले में अब तक 623.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

सागर। सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 623.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के अभिलेखों के अनुसार एक जून से अब तक देवरी केन्द्र पर सर्वाधिक 938.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से अब तक सागर में 559.7 मि.मी., जैसीनगर में 587.8 मि.मी., राहतगढ़ में 634.5 मि.मी., बीना में 681.9 मि.मी., खुरई में 631.2 मि.मी., मालथौन में 714.9 मि.मी., बंडा में 556.8 मि.मी., शाहगढ़ में 311.2 मि.मी., गढ़ाकोटा में 674.5 मि.मी., रहली में 709.0 मि.मी., देवरी में 938.5 मि.मी., केसली में 484.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

दहेज सलाहकार बोर्ड के गठन हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिसूचना 25 जून 2016 के तहत दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अनुसार जिले में दहेज सलाहकार बोर्ड का गठन किया जाना है। इसके लिए योग्य समाज कल्याण सदस्यों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। दहेज सलाहकार बोर्ड में कुल 05 समाज कल्याण सदस्यों का प्रावधान है, जिसमें 02 महिला सदस्यों को नियुक्त किया जाएगा। बोर्ड में ऐसी महिला सामाजिक कार्यकर्ता के मनोनयन को प्राथमिकता दी जाएगी, जो अधिवक्ता भी हो। शेष 03 सदस्यों में महिला अथवा पुरुष में से किसी का चयन किया जा सकता है। बोर्ड सदस्यों का कार्यकाल 5 वर्ष रहेगा। सदस्यों द्वारा किए जाने वाले कार्य विधिक एवं परामर्श स्वरूप होंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी के अनुसार आवेदक के लिए समाजशास्त्र अथवा विधि के क्षेत्र में डिग्री तथा सामाजिक अथवा विधि के क्षेत्र में योग्यता निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी सादे कागज पर आवेदन तैयार कर निर्धारित योग्यता से संबंधित दस्तावेज एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न कर कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग, कलेक्टर कार्यालय, कक्ष क्रमांक 226, सागर में जमा कर सकते हैं। आवेदन कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक जमा किए जाएंगे। इस संबंध में शाखा प्रभारी रोहित कुशवाहा से संपर्क किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई है।

मेजर ध्यानचंद, मदर टेरेसा व मुकेश की जयंती मनाई

गंजबासौदा। शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद, मानव सेवा की प्रतीक मदर टेरेसा एवं प्रसिद्ध पार्श्व गायक मुकेश की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन सतीश शिल्पकार द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों ने तीनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपनी अद्भुत हॉकी प्रतिभा से भारत का नाम विश्वभर में रोशन किया। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं मदर टेरेसा ने अपना पूरा जीवन गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा में समर्पित किया। प्रसिद्ध गायक मुकेश ने अपनी भावपूर्ण आवाज से भारतीय संगीत जगत में अमिट छाप छोड़ी। इन महान विभूतियों का जीवन समाज के लिए प्रेरणादायक है। इनके आदर्शों से हमें खेल, मानव सेवा और कला के क्षेत्र में समर्पण एवं ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने तीनों महान विभूतियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में सेवा, सद्भाव और भाईचारे की भावना मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चंद्रभान सिंह राजपूत, कुलदीप राजपूत, प्रहलाद सिंह भावसार, बलराम सिंह, कैलाश नेमा आदि उपस्थित थे।

रक्षासूत्र के साथ पर्यावरण संवर्धन का संकल्पः रक्षाबंधन के त्योहार पर बहनों को मिले रिटर्न गिफ्ट में पौध



गंज बासौदा। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शहर में पर्यावरण संरक्षण की एक अद्भुत और अनुकरणीय मिसाल देखने को मिली। भाई-बहन के अटूट प्रेम के इस त्योहार पर जहां बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की, वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को रिटर्न गिफ्ट के रूप में उपहार की जगह एक-एक पौधा भेंट किया। प्रमोद सिंह राजपूत, फूलसिंह और अमरजीत लोधी ने अपनी बहनों ममता चौहान, वर्षा तोमर, नीता सिंह और दीप्ति चौहान को पौधा सौंपकर उन्हें जीवनभर पर्यावरण संवर्धन से जोड़े रखने का अनूठा संकल्प दिलाया। इस दौरान भाइयों ने बहनों को बरगद (वटवृक्ष) का पौधा भेंट करते हुए उसे उपयुक्त स्थान पर रोपने और उसके विशाल वृक्ष बनने तक देखभाल करने का वचन लिया। बहनों ने भी भाइयों के इस विचार का सहर्ष स्वागत करते हुए न केवल हर वर्ष रक्षाबंधन पर एक पौधा लगाने का वादा किया, बल्कि लगाए गए पौधों को पूर्ण रूप से संरक्षित करने की शपथ भी ली। ज्ञात हो कि बरगद का पेड़ अखंड सौभाग्य और दीर्घायु का प्रतीक होता है जिस तरह रक्षासूत्र भाई की लंबी उम्र का प्रतीक है, उसी तरह बरगद भी अमरता और मजबूती का प्रतीक माना गया है। यह पौधे इंदौर और उज्जैन में लगाएं जाएंगे।

सेंट एसआरएस स्कूल के 5 खिलाड़ियों का...

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

संभाग स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता भोपाल के टी टी नगर स्टेडियम में गत 18 अगस्त से 20 अगस्त तक आयोजित की गई थी। जिसमें नगर के सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल गंजबासौदा के 8 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की थी। अब यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता इंदौर में आगामी 7 सितंबर से 11 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। जिसमें संस्था के चयनित खिलाड़ी कुमारी ख्याति साहू कक्षा 8, जाह्नवी भावसार कक्षा 6, कुमारी दीक्षा शिल्पकार कक्षा 12, कुमारी सौम्या शर्मा कक्षा 12 और कुमारी अनुति दाँगी कक्षा 11 अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। यह सभी खिलाड़ी इंदौर में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की थी। खिलाड़ियों के चयन पर विद्यालय परिवार, खेल शिक्षक, प्रशिक्षक एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं हैं। साथ ही खिलाड़ियों से राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सैण्ट एसआरएस स्कूल एवं नगर का नाम रोशन करने की उम्मीद की है।

खेल दिवस पर हुईं अनेक खेल प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वैली स्कूल में खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में बालीबाल, गतका, मिनी गोल्फ, दौड़, लंबी कूद, कबड्डी सहित विभिन्न खेल गतिविधियां शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के डायरेक्टर प्रणय जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यान चंद ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और समर्पण से भारतीय खेल जगत को विश्व स्तर पर गौरवान्वित किया, उनका जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना ने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि इनसे अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का भी विकास होता है। इस अवसर राजेश शर्मा ने खेलों से आर्थिक तंत्र से जोड़कर विद्यार्थियों से नियमित रूप से किसी न किसी खेल में भाग लेने का आह्वान किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक परिवार और अनेक विद्यार्थीगण मौजूद रहे।



खुरई में हर्षोल्लास के साथ मनाया कजलिया पर्व अनरये पर मृतक परिजनों को दीं कजलियां

खुरई। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोक पर्व कजलियां का त्योहार खुरई क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन के दूसरे दिन मनाए जाने वाले इस पर्व पर बहनों ने भाइयों को कजलियां देकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। कजलियां पर्व का संबंध बुंदेलखंड की वीरता और भाई-बहन के प्रेम से जुड़ा है। मान्यता है कि जब आल्हा-ऊदल युद्ध के लिए जाते थे, तो उनकी बहनों ने उनकी विजय और सुरक्षा के लिए गेहूं के जवारे बोए थे। इन जवारों को ही कजलियां कहा जाता है। यह समृद्धि, प्रेम और अटूट बंधन का प्रतीक है। बुंदेलखंड अंचल में कजलियां पर्व पर एक अनोखी परम्परा निभाई जाती है। वर्ष भर में जिन परिवारों में किसी की मृत्यु हो जाती है, उन परिवारों को रिश्तेदार और समाज के लोग अनरये के साथ कजलियां देने जाते हैं।

तहसीलदार अभिषेक पाण्डेय ने बनियाढाना पहुंचकर ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

कीचड़ भरे रास्ते से ग्रामीणों को मिलेगी निजात प्रशासनिक अमला पहुंचा वनियाढाना ग्राम



श्मशान घाट तक पक्की सड़क के लिए ग्रामीणों ने जमीन देने की जताई सहमति अधिकारियों ने जल्द निर्माण का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

ग्राम पंचायत वनियाढाना में मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए पक्के रास्ते के अभाव और बारिश के दौरान कीचड़ से ग्रामीणों को हो रही परेशानी को लेकर दैनिक हरिभूमि ने 29 अगस्त को "अंतिम यात्रा भी कीचड़ के हवाले, वनियाढाना पंचायत में विकास के दावों की खुली पोल, मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए पक्का रास्ता नहीं, शव को कीचड़ भरे रास्ते से ले जाने को मजबूर ग्रामीण शीर्षक से समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशन के बाद प्रशासन हरकत में आया और शनिवार को तहसीलदार अभिषेक पाण्डेय एवं जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल प्रशासनिक अमले के साथ ग्राम बनियाढाना पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण करने के साथ ही ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्या को गंभीरता से सुना। अधिकारियों के गांव पहुंचने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में मुक्तिधाम तो बना हुआ है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए समुचित सड़क नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में स्थिति बेहद खराब हो जाती है। कच्चे रास्ते पर जगह-जगह कीचड़ और पानी भर जाने से आम दिनों में भी आवागमन मुश्किल रहता है। वहीं किसी ग्रामीण की मृत्यु होने पर अंतिम यात्रा के दौरान परिजनों और ग्रामीणों को शव लेकर इसी कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है।

सरकारी जमीन नहीं, ग्रामीणों ने निजी भूमि देने की कही बात

ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग रखी। चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि मुक्तिधाम तक सड़क निर्माण के लिए वर्तमान में पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों ने मानवता और गांव के हित को देखते हुए अपनी निजी भूमि में से आवश्यक भूमि सड़क निर्माण के लिए देने की बात कही। ग्रामीणों के इस प्रस्ताव को अधिकारियों ने गंभीरता से लिया। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए अंतिम यात्रा का रास्ता बेहद महत्वपूर्ण है। जीवन में हर सुविधा के लिए सड़क की आवश्यकता होती है, लेकिन मृत्यु के बाद अंतिम यात्रा के लिए भी यदि कीचड़ और दलदल से होकर गुजरना पड़े तो यह गांव के लिए चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि इस समस्या का स्थायी समाधान करते हुए जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराया जाए।

जल्द होगा सड़क निर्माण ग्रामीणों की सहमति से निकलेगा समाधान

तहसीलदार अभिषेक पाण्डेय ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रशासन ग्रामीणों की समस्या को समझ रहा है। उन्होंने कहा कि श्मशान घाट तक सड़क निर्माण के लिए समस्त ग्रामीणों की सहमति लेकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ग्रामीणों की सहमति के बाद पंचायत के माध्यम से सड़क निर्माण का कार्य कराया जाएगा, ताकि बारिश के दिनों में भी ग्रामीणों को मुक्तिधाम तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल ने भी ग्रामीणों से सड़क निर्माण से जुड़ी जानकारी ली और मौके की स्थिति को देखा। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि समस्या को केवल अस्थायी रूप से नहीं बल्कि स्थायी रूप से दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

हरिभूमि की खबर के बाद प्रशासन ने लिया संज्ञान


अंतिम यात्रा भी कीचड़ के हवाले : वनियाढाना पंचायत में विकास के दावों की खुली पोल
मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए पक्का रास्ता नहीं, शव को कीचड़ भरे रास्ते से ले जाने को मजबूर ग्रामीण

खबर का असर

गौरतलब है कि दैनिक हरिभूमि ने वनियाढाना पंचायत में मुक्तिधाम तक जाने वाले रास्ते की बदहाल स्थिति को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। खबर में बताया गया था कि किस तरह बारिश के दौरान कीचड़ से भरे रास्ते से ग्रामीणों को शव लेकर मुक्तिधाम तक जाना पड़ रहा है। खबर सामने आने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने भी प्रशासनिक अधिकारियों के गांव पहुंचने पर संतोष जताया और उम्मीद व्यक्त की कि अब वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क निर्माण के लिए निजी भूमि की आवश्यकता पड़ती है तो गांव के हित में वे सहयोग करने को तैयार हैं। अब ग्रामीणों की सहमति और पंचायत स्तर से होने वाली आगामी कार्रवाई के बाद यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मुक्तिधाम तक सड़क निर्माण का कार्य कितनी जल्दी शुरू होता है।

आखिरी सफर तो सम्मानजनक हो...

हरिभूमि से चर्चा में ग्रामीणों ने कहा कि सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं है, बल्कि यह गांव की मूलभूत आवश्यकता है। किसी व्यक्ति की अंतिम यात्रा के समय परिवार पहले ही दुख में होता है और ऐसे समय में कीचड़ भरे रास्ते से शव को मुक्तिधाम तक ले जाना बेहद पीड़ादायक स्थिति बन जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से उम्मीद जताई है कि अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद जल्द ही सड़क निर्माण शुरू होगा और आने वाले समय में किसी भी परिवार को अंतिम यात्रा के दौरान इस परेशानी से नहीं गुजरना पड़ेगा।

हरिभूमि की पहल पर श्मशान में रहने को मजबूर बुजुर्ग दंपती को मिला आशियाना

विश्वकर्मा समाज ने आगे बढ़कर संवारी जिंदगी टीनशेड-फर्श का काम पूरा कर कराया गृह प्रवेश



प्रशासन और समाज की पहल से बदली बुजुर्ग दंपती की तस्वीर

राजीव जैन सैनानी ⏭सिरोंज

दो वक्त की रोटी के लिए दूसरों के सहारे जीवन गुजारने को मजबूर, रात होते ही जंगली जानवरों के भय के बीच श्मशान घाट में रहने वाले बुजुर्ग दंपती की दर्दभरी कहानी आखिरकार समाज और प्रशासन की संवेदनशीलता का कारण बनी। जीवन के अंतिम पड़ाव में सिर पर पक्की छत तक नसीब नहीं होने और मजबूरी में श्मशान घाट को अपना आशियाना बनाने वाले बुजुर्ग दंपती की पीड़ा को दैनिक हरिभूमि ने 21 अगस्त 2026 के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। हरिभूमि ने "दो वक्त की रोटी के लिए दूसरों का सहारा, रात में जंगली जानवरों का डर, मजबूरी की इंतहा, श्मशान घाट में गुजर रही बुजुर्ग दंपती की जिंदगी, सिर पर कोई छत नहीं" शीर्षक से समाचार प्रकाशित कर जिम्मेदारों और समाज का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और दूसरी ओर विश्वकर्मा समाज ने भी इस बुजुर्ग दंपती की मदद के लिए आगे आकर मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की।

समाजजनों ने मिलकर रहने योग्य बनाया मकान

विश्वकर्मा समाज के समाजजनों ने बुजुर्ग दंपती हरि नारायण विश्वकर्मा के मकान की स्थिति को देखते हुए वहां आवश्यक व्यवस्थाएं जुटाईं। समाजजनों के सहयोग से मकान पर टीनशेड लगवाने के साथ ही फर्श का कार्य पूरा कराया गया, जिससे मकान रहने योग्य बन सका। इसके बाद बुजुर्ग दंपती को विधिवत उनके मकान में प्रवेश कराया गया। लंबे समय से कठिन परिस्थितियों में जीवन गुजार रहे दंपती के लिए यह पल बेहद भावुक और राहत देने वाला रहा। वहीं वरिष्ठ पार्षद राम दयाल विश्वकर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस पूरे प्रयास की जानकारी साझा करते हुए समाजजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि हरि नारायण विश्वकर्मा के घर को समाजजनों के सहयोग से टीनशेड एवं फर्श का कार्य पूरा कर रहने योग्य बनाया गया और इसके बाद उन्हें उनके घर में प्रवेश कराया गया। उन्होंने इस कार्य में सहयोग करने वाले समाज के अध्यक्ष रामगोपाल विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, बृजेश विश्वकर्मा सहित अन्य समाजजनों के प्रति हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया।

हरिभूमि की खबर ने जगाई संवेदनशीलता


दो वक्त की रोटी के लिए भी दूसरों का सहारा, रात में जंगली जानवरों का डर
मजबूरी की इंतहा: श्मशान घाट में गुजर रही बुजुर्ग दंपती की जिंदगी, सिर पर छत नहीं

राम दयाल विश्वकर्मा ने हरिभूमि में प्रकाशित समाचार का उल्लेख करते हुए कहा कि बुजुर्ग दंपती की स्थिति को प्रमुखता से सामने लाने के लिए हरिभूमि समाचार पत्र के संवाददाता राजीव जैन का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि समाचार के माध्यम से बुजुर्ग दंपती की वास्तविक स्थिति समाज और प्रशासन के सामने आई, जिसके बाद मदद के लिए लोगों में जागरूकता पैदा हुई और समाजजनों ने आगे आकर उनके लिए रहने की व्यवस्था सुनिश्चित की। साथ ही बुजुर्ग दंपती को राहत पहुंचाने के इस कार्य में नगर पालिका परिषद के सीएमओ राम प्रकाश साहू के योगदान की भी सराहना की गई। समाज की ओर से उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। प्रशासन और समाज के सामूहिक प्रयास से अब बुजुर्ग दंपती को श्मशान घाट में असुरक्षित परिस्थितियों के बीच रात गुजारने की मजबूरी से राहत मिली है।

खबर के बाद बदली बुजुर्ग दंपती की जिंदगी

हरिभूमि में प्रकाशित खबर का असर इस रूप में सामने आया कि जिस बुजुर्ग दंपती के लिए श्मशान घाट ही रहने का ठिकाना बन गया था, आज उन्हें अपने घर में रहने का अवसर मिल गया है। समाजजनों की इस पहल ने न केवल एक जरूरतमंद परिवार को सहारा दिया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि यदि समाज और प्रशासन मिलकर संवेदनशीलता के साथ प्रयास करें तो किसी जरूरतमंद की जिंदगी बदली जा सकती है। बुजुर्ग दंपती को उनके घर में प्रवेश मिलने के बाद समाजजनों में भी खुशी का माहौल रहा। वहीं इस पहल को क्षेत्र में सामाजिक सहयोग और मानवीय संवेदना की सकारात्मक मिसाल के रूप में देखा जा रहा है।

कारनामा: जिंदा है युवक, मेडिकल कॉलेज ने कर दिया देहदान! पोस्टर में मृतकों के बीच लगाई फोटो

परिजनों के विरोध के बाद हटाया गया, देहदान जैसे गंभीर अभियान को बना दिया मजाक

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में लापरवाही का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पूरे कॉलेज प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस युवक को कॉलेज प्रबंधन ने देहदान करने वालों की सूची में मृत व्यक्ति के रूप में प्रचारित कर दिया वह युवक आज भी जिंदा है। कॉलेज परिसर में लगाए गए एक पोस्टर में उसकी तस्वीर देहदान करने वाले लोगों के साथ प्रकाशित कर दी गई।

हैरानी की बात यह है कि यह गलती एक-दो दिन नहीं, बल्कि करीब 15 दिनों तक कॉलेज परिसर में लगी रही, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की नजर तक इस पर नहीं पड़ी। मामला शनिवार को उस समय सामने आया, जब केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मेडिकल कॉलेज पहुंचने के दौरान विवादित पोस्टर पर लोगों की नजर पड़ी। पोस्टर में जिंदा युवक की तस्वीर को मृत व्यक्ति के रूप में प्रदर्शित किए जाने की जानकारी जब युवक के परिजनों को मिली तो उन्होंने इस पर कड़ा एतराज जताया। विरोध के बाद आनन-फानन में पोस्टर को हटा दिया गया।


अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा
देहदान (2018-2026)

देहदान अभियान की गंभीरता पर सवाल, परिजनों में आक्रोश

देहदान समाजसेवा और मानवता से जुड़ा एक गंभीर अभियान है, जिसके जरिए लोग मृत्यु के बाद अपना शरीर चिकित्सा शिक्षा और शोध के लिए समर्पित करते हैं। ऐसे संवेदनशील अभियान में किसी जिंदा व्यक्ति की तस्वीर को मृत बताकर प्रदर्शित कर देना कॉलेज प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। सवाल यह है कि पोस्टर तैयार करने से लेकर उसे सार्वजनिक स्थान पर लगाने तक आखिर किसी जिम्मेदार अधिकारी ने इसकी जांच क्यों नहीं की?

पहले भी विवादों में रहा है मेडिकल कॉलेज

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज पहले भी विभिन्न मामलों को लेकर चर्चा में रहा है। कभी मरीजों और उनके परिजनों से विवाद, कभी इलाज में लापरवाही के आरोप तो कभी कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर सवाल उठते रहे हैं। अब जिंदा युवक की तस्वीर को मृत बताकर देहदान के पोस्टर में लगाने की घटना ने कॉलेज प्रबंधन की संवेदनशीलता और निगरानी व्यवस्था पर नया सवाल खड़ा कर दिया है। परिजनों के विरोध के बाद पोस्टर हटाना तो आसान था, लेकिन जिस लापरवाही से एक जिंदा व्यक्ति को कागजों और प्रचार में मृत घोषित कर दिया गया, उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? कॉलेज प्रबंधन को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इतनी बड़ी चूक कैसे हुई। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक का कहना है कि गलती को सुधार दिया गया है। हमने पोस्टर हटा दिया है।

मृत्युभोज न कर आयोजित की श्रद्धांजलि सभा क्षत्रिय महासभा ने की पहल की सराहना



सागर। लक्ष्मण सिंह की धर्मपत्नी एवं क्षत्रिय महासभा सागर के संरक्षक यशवंत सिंह इमलिया (रहली) की माताजी तथा ब्लॉक अध्यक्ष रहली गोल्डी राजपूत उदयपुरा की नानी स्वर्गीय गुलाबरानी ठाकुर के निधन के पश्चात उनके परिवार द्वारा मृत्यु भोज न करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। परिवार की इस सराहनीय पहल की क्षत्रिय महासभा सागर ने हृदय से सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय कदम बताया। महासभा की ओर से स्वर्गीय गुलाबरानी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा को उपस्थित वक्ताओं ने संबोधित करते हुए स्वर्गीय गुलाबरानी ठाकुर के व्यक्तित्व एवं उनके जीवन से जुड़े संस्मरणों को याद किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही परिवार के इस निर्णय की सराहना करते हुए समाज में मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों के स्थान पर ऐसे रचनात्मक एवं अनुकरणीय आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही।

गांवों में पहुंचे अफसरों ने व्यवस्थाएं देखीं

विदिशा। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शनिवार को कुरवाई तहसील की भौंरासा, कांकर, नाउकुण्ड और लायरा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में अधिकारियों ने भ्रमण कर शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया। कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे और जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने ग्रामीणों से जनसंवाद कर समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने स्कूल, आंगनबाड़ी, राशन दुकान, स्वास्थ्य केंद्र, सहकारी समिति, पशु चिकित्सालय और पंचायत भवन की व्यवस्थाएं देखीं। नाउकुण्ड स्कूल में 12 बच्चे अनुपस्थित मिले। सीईओ ने बच्चों के घर जाकर अभिभावकों से चर्चा कर नियमित स्कूल भेजने के निर्देश दिए। पंचायत भवन में आधार व आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा कर 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।


मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र

अग्रणी महाविद्यालय में 'संगीत चिकित्सा द्वारा तनाव प्रबंधन' पर विशेष व्याख्यान

सागर। मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद के दौर से गुजर रहे युवाओं को राहत पहुंचाने और उनकी मानसिक एकाग्रता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में एक अनोखी और प्रेरणादायी पहल की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में मनोविज्ञान परामर्श केंद्र द्वारा संगीत चिकित्सा द्वारा तनाव प्रबंधन विषय पर विशेष व्याख्यान सह-कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि मन और मस्तिष्क हमारे संपूर्ण जीवन व शरीर का संचालन केंद्र हैं। सकारात्मक सोच से जीवन में बड़े से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं, जबकि नकारात्मकता शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करती है। आज के आपाधापी भरे दौर में संगीत चिकित्सा युवाओं को तनावमुक्त रखने और लक्ष्य प्राप्ति में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्य वक्ता एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संगीत विभाग से पधारे संगीत विशेषज्ञ डॉ. अवधेश प्रताप तोमर ने संगीत के वैज्ञानिक पहलुओं को उजागर करते हुए कहा कि 'ॐ' का उच्चारण मन में अपार ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करता है।

मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत कुरवाई में शिविर आयोजित

कांकर, लायरा में सुनी गईं समस्याएं, अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के दो क्लस्टरों में शिविर आयोजित किए गए। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार ग्राम कांकर, लायरा एवं कुरवाई नगर में आयोजित शिविरों में क्षेत्रवासियों की समस्याओं एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों को सुना गया।

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्राम कांकर एवं लायरा में नगर समेत क्लस्टर के अनेको ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। संबंधित अधिकारियों द्वारा समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ वितरण किया गया उक्त अवसर पर विधायक हरि सिंह सप्रे एवं अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा बच्चों के साथ मध्यान भोजन एवं बच्चों को स्कूल बैग वितरण किया गया साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया। जनसंवाद के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान पर भी जोर दिया गया।

इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, भाजपा विदिशा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, एसडीएम मोतीलाल अहिरवार, एसडीओपी रोशनी ठाकुर, जनपद सीईओ आयुष अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर परिषद एल्डरमेन राजमल जैन, भाजपा नेता हरिसिंह चौहान, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गिरजेश साहू, विधानसभा संयोजक विनोद जैन, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, बलवीर सिंह ठाकुर, एल्डरमेन वरुण चौबे सहित प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान जनसंवाद
विदिशा। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान समस्याएं सुनते हुए विधायक हरिसप्रे।

विधायक हरिसिंह सप्रे ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी दिशा में जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ घर-घर तक मिले और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान हो सके।

मानसरोवर तालाब और परघर झील में महिलाओं ने किया भुजरियों का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

नगर में दशकों से चली आ रही भुजरिया विसर्जन की परंपरा इस वर्ष भी श्रद्धा, आस्था और हर्षोल्लास के साथ निभाई गई। नगर की सैकड़ों माताएं एवं बहनें सिर पर भुजरियों से सजी टोकरियां रखकर प्राचीन मानसरोवर तालाब एवं परघर झील पहुंचीं।

यहां महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ भुजरियों का विसर्जन किया।विसर्जन के बाद नगरवासियों ने अपने-अपने देवी-देवताओं के मंदिरों में पहुंचकर भुजरियों को अर्पित किया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को भुजरिया भेंट कर गले मिलते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।भुजरिया पर्व के दौरान नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। महिलाओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में सैकड़ों माताएं-बहनें एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



मिश्र और कुम्हरिया तालाब में किया गया भुजरियों का विसर्जन

धूमधाम से मनाया भुजरिया पर्व: लहंगी के ढोल-नगाड़ों पर नाचते-गाते निकले लोग



मुख्य मार्गों से होते हुए पहुंचे तालाब घाट

शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से निकले भुजरिया जुलूस मुख्य मार्गों से होते हुए मिश्र तालाब और कुम्हरिया तालाब घाट पहुंचे। तालाबों के किनारे पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। परंपरा के अनुसार कुछ भुजरियों को सुरक्षित रखा गया, जबकि शेष भुजरियों का तालाब में श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान मिश्र तालाब और कुम्हरिया तालाब घाट पर श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ रही। महिलाओं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साह के साथ पर्व में भाग लिया। तालाब घाटों पर किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। पुलिस जवानों और होमगार्ड की टीम को घाटों पर तैनात किया गया था।ताकि विसर्जन के दौरान व्यवस्था बनी रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रक्षाबंधन पर्व के दूसरे दिन शनिवार को रायसेन शहर में परंपरागत भुजरिया पर्व पूरे उत्साह, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर बाद शहर की गलियों अथाई मोहल्ला होली चौक नरापुरा, पाटनदेव शिकारीपुरा और मुख्य मार्गों पर भुजरिया जुलूसों की धूम देखने को मिली। महिलाएं सिर और हाथों में टोकनियों में सजी भुजरियां लेकर पारंपरिक गीत गाती हुई निकलीं, वहीं पुरुषों की टोलियां ढोल-नगाड़ों की थाप पर लहंगी खेलते हुए जुलूस के साथ चलती रहीं। शहर के



साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भुजरिया लेकर प्राचीन मिश्र तालाब और कुम्हरिया तालाब पहुंचे, जहां पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धापूर्वक भुजरियों का विसर्जन किया गया। शनिवार दोपहर बाद से ही शहर में भुजरिया पर्व का उत्साह दिखाई देने लगा था। अलग-अलग मोहल्लों और गलियों में महिलाएं एक स्थान पर एकत्रित हुईं। महिलाएं अपने-अपने घरों से बोई गई भुजरियों को सुंदर टोकनियों में सजाकर लाई थीं। इसके बाद परंपरा के अनुसार महिलाओं ने भुजरियों के चारों ओर घूमते हुए हाथों में रखे गेहूं के दानों को अर्पित किया। इस दौरान सावन और भुजरिया पर्व से जुड़े पारंपरिक गीत गूंजते रहे। जुलूस में शामिल महिलाएं समूह बनाकर गीत गाते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरीं। वहीं पुरुषों और युवाओं की टोलियां परंपरागत लहंगी खेलते हुए आगे बढ़ती रहीं।

अच्छी बारिश और फसल की कामना से जुड़ी है परंपरा

पंडित राम मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि भुजरिया पर्व को सावन महीने की प्राचीन लोक परंपराओं से जोड़कर देखा जाता है। मान्यता के अनुसार सावन मास की नवमी तिथि पर गेहूं के दानों को छोटे-छोटे पात्रों में बोया जाता है। करीब सात से आठ दिनों में ये अंकुरित होकर भुजरिया का रूप ले लेते हैं। रक्षाबंधन पर्व के दूसरे दिन इन भुजरियों की पूजा की जाती है और बाद में जलाशयों में विसर्जन किया जाता है। किसान और ग्रामीण परिवार इस पर्व को विशेष आस्था के साथ मनाते हैं। भुजरियों की पूजा कर घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। साथ ही अच्छी वर्षा होने और खेतों में बेहतर फसल होने की प्रार्थना भी की जाती है। यही कारण है कि यह पर्व ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ शहरों में भी बड़े उत्साह से मनाया जाता है।

विसर्जन के बाद हुआ भुजरिया मिलन

भुजरियों के विसर्जन के बाद शहर में जगह-जगह भुजरिया मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर भुजरियों का आदान-प्रदान किया और आपसी प्रेम, भाईचारे व सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान छोटे बच्चों और युवाओं ने बड़े-बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। परिवार के सदस्य, पड़ोसी और परिचित एक-दूसरे से मिले और भुजरिया देकर शुभकामनाएं दीं। जिन परिवारों के बीच किसी कारणवश लंबे समय से अनबन या मनमुटाव चल रहा था, वहां भी लोग भुजरिया मिलन के माध्यम से आपसी रिश्तों में मिठास घोलने पहुंचे। भुजरिया पर्व ने एक बार फिर रायसेन की लोक संस्कृति और सामाजिक परंपराओं को जीवंत कर दिया। टिमकी ढोल-नगाड़ों की गूंज, सावन के गीत, महिलाओं की टोकनियों में सजी हरी-भरी भुजरियां और लहंगी खेलते युवाओं ने पूरे शहर को पारंपरिक रंग में रंग दिया। देर शाम तक शहर में भुजरिया मिलन का सिलसिला चलता रहा और लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

ग्रामीण अंचलों में गूंजे भुजरिया के लोकगीत, लेगी खेल में थिरके कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



सांची विकासखंड के दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, सरार और बरजोरपुर सहित 40 गांवों के आसपास के ग्रामीण अंचलों में शनिवार को रक्षाबंधन के दूसरे दिन मनाया जाने वाला पारंपरिक भुजरिया पर्व हर्षोल्लास और लोक संस्कृति के रंग में सराबोर रहा। सुबह से ही गांवों में भुजरिया के मांगलिक गीतों की गूंज सुनाई देती रही। शाम को महिलाओं और युवतियों ने सिर पर भुजरियों से सजी टोकरियां रखकर गीत गाते हुए जलस्रोतों की ओर प्रस्थान किया। नदियों, तालाबों और जलाशयों के किनारे पहुंचकर भुजरियों की पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने भुजरिया के चारों ओर लोकगीत गाए और नृत्य किया। इसके बाद विधि-विधान से भुजरियों का जल में विसर्जन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अच्छी बारिश, खेतों में उन्नत फसल, हरियाली और परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। भुजरिया पर्व के दौरान गांवों में पारंपरिक लेगी खेल भी आकर्षण का केंद्र रहा।

ढोल-नगाड़ों के साथ निकाला भुजरियों का पारंपरिक चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत सलामतपुर सहित आसपास गांवों में शनिवार को भुजरियों का पारंपरिक चल समारोह धूमधाम से निकाला गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच बड़ी संख्या में ग्रामीण समारोह में शामिल हुए।

महिलाएं सिर पर भुजरियों से सजी डलियां रखकर चल समारोह में शामिल हुईं। ग्रामीणों ने परंपरा और श्रद्धा के साथ भुजरियों को गांव के तालाब में विसर्जित किया। विसर्जन के बाद गांव में जगह-जगह भुजरिया मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर गले लगाया और पुराने गिले-शिकवे दूर किए। लोगों ने आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की दुआ मांगी। वहीं छोटों ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। पूरे आयोजन के दौरान गांव में उत्साह और आपसी भाईचारे का माहौल देखने को मिला।

प्रमुख सचिव कलेक्टर ने सीएचसी का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शनिवार को खनिज विभाग के प्रमुख सचिव विवेक कुमार पोरवाल और कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने गैरतगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत देवनगर में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी आशुतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव पोरवाल और कलेक्टर विश्वकर्मा ने अस्पताल के विभिन्न कक्षों का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी, प्रसूति कक्ष, जांच कक्ष, दवा वितरण केंद्र, चिकित्सक कक्ष, स्टाफ रूम सहित अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ ही उपलब्ध चिकित्सकीय उपकरणों, दवाओं की उपलब्धता और डॉक्टर-पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री, बीएमओ डॉ. संदीप यादव सहित अन्य चिकित्सकों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्र की सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जाएं। यहां आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले और स्टाफ मरीजों के साथ संवेदनशील व सम्मानजनक व्यवहार करे। प्रमुख सचिव ने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से आसपास के 20 से अधिक गांवों के लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

जीप से उछली कीचड़ बन गई विवाद की वजह

एक ही समुदाय के दो पक्षों में जमकर मारपीट, चाकू डंडों से किया गया हमला; तीन घायल, एक भोपाल रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दरगाह शरीफ के समीप सड़क पर जीप से कीचड़ का पानी उछलने की मामूली बात ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो कुछ ही देर में जमकर मारपीट में बदल गई। इस दौरान लाठी-डंडे और चाकू से हमला किए जाने की बात सामने आई है। टीआई नरेंद्र गोयल द्वारा बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान करीब 20 से अधिक लोगों ने तीन युवकों पर हमला कर दिया। हमले में योगेश पंथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में चाकू लगने से गंभीर चोट आई और डॉक्टरों को उसके सिर में 20 से अधिक टांके



लगाने पड़े। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने योगेश पंथी को बेहतर उपचार के लिए भोपाल रेफर कर दिया। वहीं योगेश पंथी के साथ मौजूद उसके दो अन्य साथी भी मारपीट में घायल हुए हैं। जिनका उपचार कराया गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। मामूली बात पर हुए इस विवाद के हिंसक रूप लेने से इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

प्राथमिक सहकारी समिति के सेल्समैन की संदिग्ध मौत परिजनों ने कार्यदबाव व मानसिक प्रताड़ना के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/ सिलवानी

क्षेत्र की एक प्राथमिक सहकारी समिति में पदस्थ सेल्समैन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों ने समिति के कार्य और अधिकारियों के दबाव को मौत की वजह बताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। सिलवानी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक कई वर्षों से प्राथमिक सहकारी समिति में सेल्समैन के पद पर कार्यरत था। परिजनों का आरोप है कि पिछले कुछ समय से समिति के लेखा-जोखा, वसूली और अन्य कार्यों को लेकर उस पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। उनका कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के कारण मृतक काफी समय से तनाव में था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। इधर, घटना के बाद सहकारी कर्मचारियों और क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

नगर में कौमी एकता की मिसाल बेमिसाल

बाड़ी। नवाबी काल से हिंदू मुस्लिम एकता कौमी एकता की मिसाल कई पतझड़ होने के बाद भी आज मजबूत स्तंभ के रूप में खड़ी दिखाई दे रही है जब एक लावारिस व्यक्ति को दर्द हुआ तो इंसानियत को दर्द हुआ यह मिसाल उस समय सामने आई जब पुराने एन.एच 12 पर पुरानी तहसील के सामने बचपन से निवास कर रहे फुररी दादा को तकलीफ हुई तो इंसानियत का बड़ा दिल और बड़ा रूप दिखाई दिया वार्ड क्र. 10 यहां पर मुस्लिम समाज बड़ी संख्या में रहता है और यही से फुररी दादा का बचपन से रिश्ता जुड़ा था जब उनकी लावारिस हालत में युवकों ने देखा तो वह हर संभव कोशिश में लग गए उनके जीवन को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया 200 ग्राम की दूध की थैली को दादा ने 120 ग्राम दूध पी लिया उम्मीद थी पर मदद के लिए 108 एवं स्वस्थ सहायता की मदद नहीं मिली 112 आई लेकिन मदद की उम्मीद नहीं लेकर आई नियम और कायदे बताने लेकिन मानवता की मिसाल जुनून में रखे युवाओं ने हिम्मत नहीं हारी रात 11:00 बजे तक अपनी पूरी मशक्कत के बाद लाश को मर्चुरी हाल में रखा गया सवेरे जब सूरज उगा तो मुस्लिम युवाओं ने दादा का अंतिम संस्कार हिंदू रीति रिवाज से कराकर मिसाल बता दिया और यह बता दिया कि इंसानियत से बड़ा धर्म कोई नहीं होता आज मुस्लिम युवाओं की इस मिसाल की नगर क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है।

रक्षाबंधन पर जेल पहुंचीं बहनें, राखी बंधवाकर कई बंदियों ने अपराध की दुनिया छोड़ने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को जिला जेल पठारी में भावनात्मक माहौल के बीच मनाया गया। सलाखों के पीछे बंद कैदी भाइयों की कलाई पर जब बहनों ने रेशम की राखी बांधी तो कई बंदियों की आंखें नम हो गईं। भाई-बहन के इस मिलन ने जिला जेल पठारी परिसर में भावुक कर देने वाला दृश्य बना दिया। इस दौरान कई बंदियों ने अपनी बहनों के सामने अपराध की दुनिया से नाता तोड़कर बेहतर जीवन जीने का संकल्प लिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती हर्षिणी यादव के नेतृत्व में रक्षाबंधन के अवसर पर जिला जेल पठारी में विशेष राखी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य



बंदियों को परिवार और समाज से जोड़ना तथा उनके भीतर सकारात्मक सोच और मानवीय संवेदनाओं को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान बंदियों के परिजन जेल पहुंचे और बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। वर्षों की दूरी और जेल की चारदीवारी के बीच भाई-बहन का मिलन कई परिवारों के लिए भावुक पल बन गया। बंदियों ने भी अपनी बहनों को भरोसा दिलाया कि वे भविष्य में अपराध से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का प्रयास करेंगे।

श्रावणी कर्म पूजा-अर्चना का आयोजन, धार्मिक विधियां संपन्न की

रक्षा बंधन पर मंत्रोच्चार के साथ ब्राह्मण समाज ने बदली जनेऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



रक्षा बंधन पर्व पर जिले में ब्राह्मण समाज द्वारा श्रावणी कर्म, पूजा-अर्चना और यज्ञोपवीत परिवर्तन का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला मुख्यालय स्थित संस्कार बिहार कॉलोनी मंदिर में विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। आयोजन सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष अवधेश दीक्षित एडवोकेट की मौजूदगी में हुआ। श्रावणी उपाकर्म के दौरान ब्राह्मणों ने प्रायश्चित, स्वाध्याय और संस्कार के लिए पारंपरिक धार्मिक विधियां संपन्न कीं। पूजा-अर्चना के बाद विधि-विधान से नया यज्ञोपवीत अर्थात जनेऊ धारण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में ब्राह्मण बटुकों ने भी सहभागिता की। अनुष्ठान के दौरान भूलवश अथवा जानबूझकर किए गए पापों के लिए प्रायश्चित किया गया। हिमाद्रि संकल्प के साथ विप्र समाज ने वैदिक परंपराओं का निर्वहन किया। उपस्थित ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार के बीच पंचगव्य से स्नान कर भस्म का लेपन किया और धार्मिक कर्मकांड संपन्न किए।

पंडितों ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्रावणी पर्व धार्मिक स्वाध्याय और वैदिक परंपराओं के प्रचार का पर्व है। सज्ञान, बुद्धि, विवेक और धर्म की वृद्धि के उद्देश्य से इस पर्व का विशेष महत्व माना गया है। इसी कारण इसे ब्रह्म पर्व भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि श्रावणी एक प्रमुख वैदिक पर्व है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनि इसी दिन से वेद पारायण का आरंभ करते थे। जिसे श्रावणी उपाकर्म कहा जाता था।

आधे दिन की छुट्टी से शुरू हुआ संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

कभी मासिक धर्म के दौरान महज आधे दिन की छुट्टी के लिए संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन यही व्यक्तिगत अनुभव आगे चलकर एक ऐसे अभियान की नींव बना, जिसकी गूंज आज महिलाओं के अधिकारों के वैश्विक मंच तक पहुंच चुकी है। मेटल इंडस्ट्रीज में काम करने के दौरान पीरियड के समय अवकाश नहीं मिलने की परेशानी झेलने वाली ग्लोबल कैंपेनर एवं ह्यपेड पीरियड लीवह्न की संस्थापक रंजीता प्रियदर्शनी अब महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान सम्मान, स्वास्थ्य और अधिकार दिलाने की मुहिम चला रही हैं। इसी संघर्ष और जागरूकता की प्रेरक कहानी लेकर रंजीता प्रियदर्शनी शनिवार को बेगमगंज के पीएमश्री कन्या उच्चतर

अब दुनिया की महिलाओं के अधिकार की आवाज बनीं रंजीता प्रियदर्शनी



माध्यमिक विद्यालय पहुंचीं। यहां ह्नमासिक धर्म : जागरूकता से अधिकार तकह्न विषय पर आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में रंजीता प्रियदर्शनी मुख्य अतिथि रहीं, जबकि विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र श्रीवास्तव अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का सबसे खास आकर्षण रंजीता प्रियदर्शनी के संघर्ष और उनके अभियान की यात्रा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री रही। छात्राओं ने देखा कि कैसे व्यक्तिगत परेशानी से शुरू हुआ एक सवाल धीरे-धीरे आंदोलन में बदल गया और आज दुनिया की कामकाजी महिलाओं के लिए पेड पीरियड लीव के अधिकार की आवाज बन चुका है। इस पूरे जागरूकता अभियान को प्रभावी रूप देने में डायरेक्टर प्रदीप नायक,प्रोड्यूसर रंजनदास ,प्रोड्यूसर जगमोहन त्रिपाठी की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम के दौरान वे सक्रिय रूप से मौजूद रहे और जागरूकता अभियान के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की दिशा में जुटे नजर आए।

रंजीता प्रियदर्शनी के संघर्ष, उनके अभियान और छात्राओं तक स्वास्थ्य एवं अधिकार का संदेश पहुंचाने की इस पहल में जगमोहन त्रिपाठी की मौजूदगी विशेष रूप से चर्चा में रही। छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं को सैनिटरी पैड के सही उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों तथा पीरियड से जुड़ी भ्रांतियों और भेदभाव को समाप्त करने की जानकारी दी गई।

विधायक, प्रमुख सचिव व कलेक्टर का निरीक्षण

विद्यार्थियों से पढ़ाई व सुविधाओं की जानकारी ली और साथ बैठकर किया मध्यान्ह भोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शनिवार को दोपहर गैरतगंज विकासखंड के देव नगर स्थित पीएमश्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, खनिज विभाग के प्रमुख सचिव विवेक कुमार पोरवाल और कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद किया और उनसे पढ़ाई, शिक्षण व्यवस्था तथा स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, प्रमुख सचिव विवेक कुमार पोरवाल और कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मुकुल यादव को युवा यादव महासभा के जिलाध्यक्ष एवं कृष्णा बिट्टू यादव को किया प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बाड़ी के युवा समाजसेवी मुकुल यादव को यादव महासभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं संगठन में बेगमगंज के पत्रकार प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा बिट्टू यादव को नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव और प्रदेशाध्यक्ष बलवीर यादव और युवा यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव की सहमति से बनाया गया है। इनके मनोनयन पर समाजजनों द्वारा खुशियां जाहिर कर बधाई दी है। बधाई देने वालों में कृष्णा बिट्टू यादव पूर्व कमलेश यादव रामजी केमवाली, मोहन यादव बाबा, संतोष यादव नारायण यादव, भगवान सिंह यादव चैनपुर, पप्पू निधि यादव स्टूडियो बाड़ी,नपाध्यक्ष राजकुमार यादव, रमेश बाबू यादव गोटी ढाबा, शिवलाल यादव शामिल हैं।